मुख्य समाचार
प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 16.12.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रदेश में मतदाता सूची एसआईआर–2026 का पहला प्रारूप आज प्रकाशित होगा।
- वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों की श्रंखला जारी–आज से शहरी समस्या समाधान शिविरों का भी आयोजन।
- विजय दिवस के मौके पर आज कई स्थानों पर गौरव सेनानी और वीरांगना सम्मान समारोह रखे गए हैं।
- राज्य में तापमान में उतार चढाव का दौर जारी–कई स्थानों पर कोहरे का असर।

00000

प्रदेश में मतदाता सूची एसआईआर–2026 का पहला प्रारूप आज प्रकाशित होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि ये सूची सी ई ओ राजस्थान और संबंधित डीईओ की वेबसाईट पर उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही राज्य के सभी 41 जिला निर्वाचन अधिकारी, 199 विधानसभा क्षेत्रों के पुनर्गठन के बाद बने 61 हजार 136 बूथों की प्रारूप मतदाता सूची मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की प्रतिनिधियों से भी साझा की जायेगी। श्री महाजन ने सभी जिल निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी मतदाताओं को सूची में अपना नाम जांचने के लिए प्रेरित किया जाये। अगर किसी पात्र मतदाता का नाम नहीं है तो उसे नाम जुडवाने की प्रकिया के बारे में जानकारी दी जाये।

00000

प्रदेश में आज से शहरी समस्या समाधान शिविरों का आयोजन किया जायेगा। 24 दिसम्बर तक चलने वाले इन शिविरों के माध्यम से शहरी नागरिकों की समस्याओं का निस्तारण और उन्हें विभिन्न सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी। राजधानी जयपुर में जेडीए के नागरिक सेवा केन्द्रों पर ये शिविर लगाये जायेंगे। सवाईमाधोपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में आज कई स्थानों पर ग्रामीण सेवा शिविरों के फॉलोअप कैम्प्स भी लगाये जा रहे है।

.....

मौजूदा राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विकास रथों के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों, योजनाओं और नीतियों का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसके लिए राज्य के विभिन्न ग्रामीण अंचलों में विकास रथों के पंहुचने का सिलसिला जारी है। इसके साथ ही जिलास्तरीय प्रदर्शनियों के माध्यम से भी जन कल्याणकारी योजनाओं, उत्पादों और नवाचारों की जानकारी दी जा रही है। राजधानी जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में कल राज्यस्तरीय प्रदर्शनी शुरू हुई। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इसका उद्घाटन किया। 18 दिसम्बर तक आयोजित होने वाली इस प्रदर्शनी में विभागवार उपलब्धियों को दर्शाया गया है। इसके अलावा पीएम सूर्य घर योजना, ग्रिड डिजिटाइजेशन सहित अन्य योजनाओं को वीडियो पैनल के माध्यम से दर्शाया गया है। श्री शर्मा ने इस अवसर पर राजस्थान हाउसिंगबोर्ड की ओर से विभिन्न आयवर्गो के लिए हनुमानगढ और भिवाड़ी में नई आवासीय योजनाओं का भी शुभारम्भ किया। इस दौरान श्री शर्मा ने जयपुर विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं के लाभान्वित खातेदारों को पट्टे भी वितरित किए। प्रदेशभर में कल आरोग्य तथा रक्तदान शिविर लगाये गये। इसी कडी में श्रीगंगानगर में सबसे अधिक 1 हजार 772 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। वहीं भरतपुर में आज सभी राजकीय कार्यालयों में श्रमदान किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रदेशभर में सड़क सुरक्षा जन अभियान के तहत परिवहन विभाग की ओर से सुरक्षित ड्राइविंग के लिए वाहन चालको की समझाइश की जा रही है।

00000

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बालोतरा–पचपदरा के बीच प्रस्तावित 11 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन के फाइनल लोकेशन सर्वे को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय से पचपदरा स्थित रिफाइनरी को रेल नेटवर्क से सीधा जुड़ाव मिलेगा और क्षेत्र के औद्योगिक विकास को बढावा मिलेगा।

प्रस्तावित रेल लाइन से पचपदरा का बालोतरा, बाड़मेर और आसपास के क्षेत्रों से सीधा रेल संपर्क स्थापित होगा। साथ ही जोधपुर, अहमदाबाद, दिल्ली और जयपुर की ओर सुगम आवागमन संभव होगा। रेल मार्ग के माध्यम से कच्चे माल और तैयार उत्पादों के परिवहन में सुविधा मिलने से व्यापार, कृषि, स्थानीय उद्योग और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। फाइनल लोकेशन का सर्वे पूरा होने के बाद विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर रेलवे बोर्ड को भेजी जाएगी।

0000

राष्ट्र आज विजय दिवस मना रहा है। ये दिन 1971 के भारत पाक युद्ध में देश की विजय की याद दिलाता है। हर साल इस दिन देश उन वीर योद्धाओं के सर्वोच्च बलिदान को याद करता है जिनकी कहानियां राष्ट्रीय गौरव का स्रोत बनी हुई हैं। वर्ष 1971 में आज के ही दिन पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल ए.ए. खान नियाज़ी ने 93 हजार सैनिकों के साथ भारतीय सेना और मुक्ति वाहिनी सेना के समक्ष बिना शर्त आत्मसमर्पण कर दिया था। इसके बाद पूर्वी पाकिस्तान बांग्लादेश के रूप में अलग हो गया। प्रदेश में विजय दिवस पर कई कार्यक्रम रखे गये है। बाड़मेर से हमारे संवाददाता ने ख़बर दी है कि विजय दिवस के मौके पर शहीदों के बलिदान को याद किया जा रहा है। इसके साथ ही गौरव सेनानी और वीरांगना सम्मान समारोह भी रखा गया है।

....

कोटपूतली–बहरोड में भी जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में सैनिक सम्मान समारोह रखा गया है।

0000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने भीलवाडा के मेडिकल ऑफिसर डॉ. पंकज छीपा को 11 लाख रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी ने यह राशि परिवादी से मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना का बिल पास करने की एवज मांगी थी। इस पर एसीबी ने पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में ट्रेप की कार्यवाही को अंजाम देते हुए उसे मौके से गिरफ्तार किया। उधर बीकानेर में वाणिज्य कर विभाग के टैक्स असिस्टेंट को एसीबी ने पचास हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया।

0000

प्रदेश में पारे में लगातार उतार चढाव का दौर बना हुआ है। बीते 24 घंटों में 23 शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, भरतपुर, अलवर सहित कई स्थानों पर सुबह देर तक हल्के से घना कोहरा छाया रहा। श्रीगंगानगर से हमारे संवाददाता ने बताया कि आज भी कोहरा छाया हुआ है। दृश्यता कम है और यातायात धीमा बना हुआ है।

....

पाली सहित कई स्थानों पर कल दिनभर बादल छाये रहे। इससे धूप में तेजी कम रही। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अधिकतर हिस्सों में अगले एक–दो दिन न्यूनतम तापमान सामान्य बना रहेगा। वहीं राज्य के पूर्वी और पश्चिमी भागो में कहीं–कहीं हल्के से मध्यम कोहरे की संभावना है।

0000